

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,बुद्धवार 15 फरवरी,2023 वर्ष–07 / अंक–274 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

## फ्रांस के राष्ट्रपति से वीडियो क०न्फ्रेंसिंग से बात करेंगे पीएम मोदी, इस मुद्दे पर हो सकती है बातचीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि यह बातचीत शाम करीब साढ़े चार बजे होगी। बता दें कि भारत और फ्रांस के रिश्ते दोस्ताना रहे हैं और हाल के सालों में इनमें काफी मजबूती आई है। उल्लेखनीय है कि जल्द ही फ्रांस के राष्ट्रपति भारत का दौरा भी कर सकते हैं। इस दौरे में दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लग सकती है। फ्रांस के राष्ट्रपति के भारत दौरे की तारीखें अभी तक अंतिम रूप से तय नहीं हुई हैं। दोनों देश इस पर चर्चा कर रहे हैं। भारत ने फ्रांस से राफेल फाइटर जेट की डील की थी। चर्चाएं हैं कि भारत सरकार नौसेना के लिए भी राफेल फाइटर जेट खरीदने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति के दौरे पर इस सौदे पर बातचीत हो सकती है।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जनपद में आगमन 14 फरवरी को

प्रतापगढ़

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिनांक 14 फरवरी को लखनऊ से राजकीय हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर पूर्वान्ह 10.15 बजे पुलिस लाइन प्रतापगढ़ आयेगें। पूर्वान्ह 10.25 बजे उपमुख्यमंत्री जी जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम आयेगें जहां पर वह सांसद खेल प्रतिस्पर्धा के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होगें। पूर्वान्ह 11 बजे उपमुख्यमंत्री जी निरीक्षण गृह लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ आयेगें जहां पर जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगें। पूर्वान्ह 11.35 बजे उप मुख्यमंत्री पुलिस लाइन आयेगें और राजकीय हेलीकाप्टर द्वारा लखनऊ के लिये प्रस्थान करेगें।

## आताताइयों पर चादर चढ़ाने वाले के मित्र कभी असली राजभर नही हो सकते–शशिप्रताप सिंह



वाराणसीरूराष्ट्रिय समता पार्टी संयोजक शशिप्रताप सिंह ने क्षेत्रीय मीडिया से बात करते हुए बताया कि ओमप्रकाश राजभर कभी ओवैसी के पक्के मित्र हुआ करतें आज भी वो उसके करीबी है जिसने गाजी मिया के दरगाह पर इनके साथ जाकर चादर चढ़ाया, राष्ट्र वीर महाराजा सुहेलदेव जी के पक्के दुश्मन था गाजी मियां जिसको उन्होंने बहराइच में दफन किया था, जब वो भारत पर आक्रमण करने की सोच रहा था। हिदू राष्ट्र रक्षक से पूजे जाते है सुहेलदेव जी। आज कौन सा मुहँ लेकर उनकी जयंती मनाने आ रहे है जिस ओमप्रकाश राजभर ने अपनी लोकप्रियता के लिये महापुरुष को अपमान करने का काम किया।

## नवजात बालिका शिशु को दत्तक देने के नाम पर हफ्ता खोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



भायंदर। नवघर पुलिस स्टेशन की क्राइम ब्रांच पुलिस ने नवजात बालिका शिशु को दत्तक देने के नाम पर हफ्ताखोरी करने वाले एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम यश रोहित कुमार सोनी तथा अल्पेश कुमार गिरीश भाई कच्छीया है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को हटकेस में रहने वाले मनीष रामदेव शंकर नए नवघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने अपने एक मित्र चिराग मेहता के माध्यम से अल्पेश कच्छीया एक नवजात बालिका शिशु गोद लिया था। मनीष और उनकी पत्नी को दो लड़के हैं। लड़की ना होने के कारण उन्होंने नवजात बालिका शिशु को गोद लिया था। अल्पेश ने बताया था कि उनकी पत्नी यह लड़की जन्म देने के बाद भाग गई। अल्पेश ने तत्काल 20 हजार रुपए डिलीवरी खर्च के नाम पर ले लिए। बाद में वह बालिका को यह कहकर वापस ले गया कि दत्तक के लिए आवश्यक कागजात पूर्ण करने हैं। 5 जनवरी को यश सोनी नाम के एक व्यक्ति ने मनीष को फोन किया कि कागज पत्र पूरे हो चुके हैं ।उन्हें ढाई लाख पर देना होगा। मनीष ने उन्हे ढाई लाख रुपए दे दिए। ढाई लाख लेने के बाद भी आरोपियों ने लगातार और राशि देने के लिए फोन पर धमकाने लगे। इसी बीच मनीष को शांति हो गया कि दत्तक ली हुई बालिका, अल्पेश की नहीं है। उनकी शिकायत पर पुलिस ने तेज जांच करते हुए आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस को यह पता चला कि बालिका अल्पेश की पत्नी का ना होकर उसके साथ काम करने वाली एक महिला का है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। नवघर पुलिस को यह कामयाबी पुलिस उपायुक्त जयंत बजबले तथा सहायक पुलिस आयुक्त डॉ शशिकांत भोसले के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मिलिंद देसाई के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार शिंदे, पुलिस निरीक्षक प्रकाश मासाल, सहायक पुलिस निरीक्षक योगेश काले, गणेश केकाण, पुलिस उप निरीक्षक अभिजीत लांडे, महिला पुलिस उप निरीक्षक सारिका वाघचौरे, पुलिस हवलदार भूषण पाटील, नवनाथ घुगे, सुरेश चव्हाण, हवलदार चेतन राजपूत, सूरज घुनावत, ओमकार यादव तथा अन्य पुलिसकर्मियों की टीम को मिली।

## थाने से नही मिला न्याय – पीडित विकलांग पहुंचा एसएसपी दफ्तर

बदायूँ मामला थाना क्षेत्र अलापुर का रहने वाला विकलांग रामनिवास ग्यारह फरवरी को राशन लेने राशन कोटे की दुकान पर जा रहा था तभी रास्ते में ग्राम पंचायत वमनी के प्रधान के भाई व अन्य साथी ने रोका और कहा कि मेरी कमीशन दे पीडित विकलांग का आरोप है कि प्रधान के भाई व साथियो ने मारपीट कर अस्लाह दिखाकर जेव में रखें रुपये छीन लिए आज पीडित अपनी फरयाद लेकर एसएसपी से मिला और न्याय की गुहार लगाई है




## भोजपुरी भाषा से की भाषण की शुरुआत

,मुंबई। उत्तर भारतीय समाज से रूबरू होने गोरेगांव पूर्व से नाहर निकेतन पहुंचे महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री तथा शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे का जोरदार स्वागत व सम्मान किया गया। शिवसेना के राष्ट्रीय संगठक तथा युवा उत्तर भारतीय नेता ठाकुर मनोज सिंह तथा उनके भाई संजय सिंह ने गणेश जी की मूर्ति देकर उनका सम्मान किया। उद्धव ठाकरे ने अपने भाषण की शुरुआत भोजपुरी में की । उन्होंने उपस्थित लोगों से पूछा कि सब ठीक बा ना ? उन्होंने कहा कि भाषा कोई भी हो दिल मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर भारतीय समाज के बीच आकर उन्हें अपनापन महसूस हो रहा है। इस अवसर पर शिवसेना प्रवक्ता संजय राऊत, सांसद प्रियंका चतुर्वेदी,पूर्व मंत्री सुभाष देसाई, पूर्व मंत्री रमेश दुबे विधायक सुनील प्रभु, समीर देसाई समेत शिवसेना के अनेक बड़े नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक के रूप में अरुण कुमार सिंह, रामधारी सिंह, अशोक कुमार सिंह, ठाकुर कुंवर सिंह, जगदीश सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।



## केरल में बोले राहुल गांधी– मेरे अपमान से सच नहीं छिपेगा, आदिवासी व्यक्ति की मौत की जांच की मांग

संसद के बजट सत्र के दौरान विपक्षी नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के भाषण के कुछ अंशों को हटाने को लेकर विपक्षी नेता लगातार आलोचना कर रहे हैं। इसी क्रम में केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र में पीएम मोदी पर भी हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं है कि मेरे शब्दों को रिकॉर्ड पर जाने दिया जाएगा। देश के पीएम सीधे तौर पर मेरा अपमान करते हैं लेकिन उनकी बातों को ऑफ द रिकॉर्ड नहीं किया जाता। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि आपका नाम गांधी क्यों है, नेहरू क्यों नहीं। ऐसा बोलकर उन्होंमे मेरा अपमान किया, लेकिन मेरे अपमान से सच नहीं छिपेगा। एक ना एक दिन आपको जवाब देना ही पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि संसद में मेरे भाषण के कुछ अंश हटा दिए गए। बावजूद इसके कि मैंने किसी का अपमान नहीं किया। मैंने जो कहा उसके संबंध में मुझे सबूत दिखाने के लिए कहा गया था और मैंने लोकसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सच्चाई हमेशा सामने आती है। कांप रहे थे पीएम मोदी के हाथ इस दौरान उन्होंने सदन में पीएम मोदी के संबोधन को दोबारा देखने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि आपको बस इतना करना है कि जब मैं बोल रहा था तो मेरे चेहरे और उनके चेहरे को देखना था। देखिए कितनी बार पीएम ने पानी पिया और कैसे पानी पीते हुए उनके हाथ कांप रहे थे। मैने जो कहा था वह सच कहा था इसलिए मेरे मन में किसी तरह का कोई डर नहीं था।



पीएम मोदी को लगता है सब उनसे डर जाएंगे– राहुल गांधी उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि वह बहुत ताकतवर हैं, सब उनसे डर जाएंगे। लेकिन उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि भले ही वह प्रधानमंत्री हों, लेकिन वह आखिरी व्यक्ति होंगे जिनसे मुझे कोई डर हो। एक दिन उन्हें भी अपनी सच्चाई का सामना करने के लिए मजबूर किया जाएगा।

संसदीय कार्यवाही देखना हर किसी के लिए महत्वपूर्ण

वायनाड में अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि इस देश में हर किसी के लिए संसद की कार्यवाही देखना कि देश में क्या हो रहा है, महत्वपूर्ण है। इस दौरान राहुल गांधी ने यह भी कहा कि पीएम और अदाणी के बीच सांठगांठ को समझना महत्वपूर्ण है।

लोकसभा सचिवालय ने मांगा था जवाब इससे पहले रविवार को लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जवाब मांगा था। दरअसल, 7 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान श्भ्रामक, अपमानजनक, असंसदीय और भड़काऊ बयानश देने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और प्रल्हाद जोशी ने विशेषाधिकार हनन को लेकर लोकसभा सचिवालय को पत्र लिखा था।

राहुल के बयान पर जताई थी आपत्ति इससे पहले लोकसभा में मंगलवार को श्राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्तावश पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी के भाषण के बाद निशिकांत दुबे और प्रह्लाद जोशी ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। गांधी ने हिंडनबर्ग–अदाणी के मुद्दे पर टिप्पणी की थी।

राहुल ने केरल में आदिवासी व्यक्ति की रहस्यमयी मौत की जांच की मांग की वायनाड के सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को एक आदिवासी व्यक्ति के घर का दौरा किया, जो हाल ही में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज के पास मृत पाए गए था। विश्वनाथन (46) 11 फरवरी को कोझिकोड में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास लटके पाए गए थे। अस्पताल में उनकी पत्नी को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। राहुल गांधी ने सोमवार सुबह पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में विश्वनाथन के घर का दौरा किया। विश्वनाथन के परिवार को उनकी मौत के पीछे साजिश का संदेह है।

राहुल गांधी ने परवायल कॉलोनी में पीड़ित परिवार के साथ कुछ समय बिताया, उनकी व्यथा सुनी और उन्हें सांत्वना दी। परिवार से मिलने के बाद राहुल ने आरोप लगाया कि विश्वनाथन भीड़ के हमले का शिकार हो गए थे और इस घटना की व्यापक जांच की जानी चाहिए। उन्होंने मलयालम में एक ट्वीट में किया जिसे उनके लोकसभा कार्यालय के अकाउंट से पोस्ट किया गया। उन्होंने ट्वीट में कहा कि विश्वनाथन के परिवार को न्याय मिलना चाहिए ।इससे पहले विश्वनाथन के रिश्तेदारों ने आरोप लगाया था कि यह आत्महत्या का मामला नहीं है क्योंकि उनके शरीर पर चोट के निशान हैं। उन्होंने दावा किया था कि विश्वनाथन पर भीड़ ने चोरी का आरोप लगाते हुए हमला किया था।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2024 में फिर लहरेगा बीजेपी का परचम दृरमेश चंद्र मिश्र




जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बदलापुर, सिंगरामऊ, महराजगंज मंडल की आयोजित मंडल कार्यसमिति की बैठक एवं डाटा प्रबंधन कार्यशाला में शामिल होकर बदलापुर विधानसभा के बीजेपी विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने अपने विचार व्यक्त किया। इस दौरान जिला महामंत्री सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, विस्तारक अंबरिश दिवेदी, मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, विनोद मौर्य, लवकुश सिंह, मृगेंद्र सिंह शिव बाबा, ओंकार नाथ मिश्र, श्री हर्षू पाठक, गंगा प्रसाद सिंह, पंकज मिश्र सहित मण्डल के सभी पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे। रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ता साथियों के उत्साह और देश प्रदेश में हो रहे समग्र विकास कार्यों के बल पर 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रचंड जीत का परचम लहराएगी।

# पाश्चात्य संस्कृति का पर्व वैलेंटाइन डे के खिलाफ शिवसैनिकों ने मोर्चा खोल दिया है



हेमंत आठिया जिला सागर मध्य प्रदेश सागर जिले में पाश्चात्य संस्कृति का पर्व वैलेंटाइन डे के खिलाफ शिवसैनिकों ने मोर्चा खोल दिया है आज सिविल लाइन स्थित पहलवान बाबा मंदिर में शिव सैनिकों ने जहां मिलेंगे बिट्टू सोना तोड़ देंगे कोना के नारे लगाते हुए लठ्ठों मैं केसरिया रंग पोतकर पुजारी पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण विधि से सरसों का तेल पिलाया और अश्लीलता फैलाने वाली प्रेमी युगलों को सबक सिखाने का संकल्प लिया शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि वैलेंटाइन डे हमारे भारत की संस्कृति नहीं है कुछ प्रेमी युगल भ्रमित हो गए है भटक गए है जो वैलेंटाइन डे की आड़ में अश्लीलता को बढ़ावा देते हैं उनको सबक सिखाने के लिए आज हमने लाठियों को सरसों का तेल पिलाया है साथ ही हमने होटल रेस्टोरेंट संचालकों को भी कड़ी शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर अश्लीलता फैलाने वाले किसी भी प्रेमी युगल को होटल रेस्टोरेंट में प्रवेश ना दे उसके बाद भी अगर होटल रेस्टोरेंट प्रेमी युगल अनैतिक गतिविधि एवं अश्लीलता करते पकड़ा जाता है उसकी मौके पर शादी कर दी जाएगी और रेस्टोरेंट होटल में तोड़फोड़ जैसी कोई घटना घटती है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा।

# माता रानी के भक्तों के कार सेवा से पूरी हुई गर्भ गृह की ढलाई




शक्ति पीठ माता श्री छोटी पटन देवी जी के दरबार में चल रहे विश्व के सभी 51शक्ति पीठों की अनुकृतियों की स्थापना के लिए बन रहे 6500वर्ग फूट के विशाल गर्भ गृह की ढलाई भक्तों के अपने श्रद्धा पूर्वक कार सेवा से पूर्ण किया।पीठाचार्य अभिषेक बाबा के वैदिक मंगलाचरण से महा माता और भगवान विश्वकर्मा के आवाहन से कार्यारंभ हुआ। संस्थापकाध्यक्ष विवेक बाबा के नेतृत्व में श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थान के सदस्यों ने कार सेवा की पटना मेयर श्रीमती सीता साहू, शशि शेखर रस्तोगी , ईश्वर अग्रवाल, पार्षद कैलाश यादव, सतीश गुप्ता, श्याम मिश्रा, दुर्गेश मोहन, तारा देवी, संध्या यादव , रजनी देवी, शोभा देवी, किरण मेहता, राजकुमार सोनी, विजय गुप्ता , राजेश सिंह, डॉ.मनोज केशरी, मनीष सर्राफ, मिथिलेश जायसवाल, पवन झुनझुनवाला ,परमहंस तिवारी विजय जायसवाल, अशोक मेहता ,शैलेन्द्र यादव , उदय शर्मा, भोला वर्णवाल, अरुण खत्री, दिलीप कुमार , संत गोलवारा, सुनील बंका, विनोद मिश्रा , विनय कृष्ण जायसवाल, रविकांत मिश्रा, कौशलेंद्र कुमार, दिलीप मेहता, सहित कई गणमान्य समाज सेवियों सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त गण सक्रिय रहे।प्रस्तुति दुर्गेश मोहन,पटना।

# कलम की खनक साहित्य सृजन ग्लोबल (पंजी.) गुवाहाटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष काव्य गोष्ठी एवं प्रतियोगिता परिणाम घोषित



गुवाहाटी –असम श्राष्ट्रीय महिला दिवस भारत कोकिला सरोजिनी नायडू के जन्म जयंती पर कलम की खनकश्द्वारा विशेष काव्य गोष्ठी संस्था की संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा कनक लता जैन जी के सानिध्य में आयोजित हुई । कार्यक्रम का कुशल संचालन कंचना मिश्रा जी ने लखनऊ उत्तरप्रदेस से किया ।

कार्यक्रम का शुभआरंभ सरस्वती वंदना से डॉ. प्रो. मीना श्रीवास्तव जी ने अपने मधुर स्वर में किया।

कार्यक्रम में जुड़े श्री मोहनलाल भंसाली कलाकार, गंगाशहर राजस्थान ,श्विभा जैन ओजस इंदौर मध्यप्रदेश,आरती जोशी भीलवाड़ा राजस्थान ने गीत गजल कविताओं की एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी ।

कार्यक्रम में जुड़े दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया व कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की।

इस कार्यक्रम के दौरान गणतंत्र दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन ष्कलम की खनकष पेज पर हुआ जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों से बच्चों एवं कवि कवयित्रीयो ने बढ़ –चढ़ कर भाग लिया इस प्रतियोगिता में पंद्रह दिनों का समय दिया गया था ।

कवि कवयित्री वर्ग के परिणामों की घोषणा श्री मोहन भन्साली जी द्वारा की गई–

1.श्रीमती राजकुमारी शर्मा जयपुर – तृतीय

2.प्रो. डॉ. शरद नारायण खरे मंडला– द्वितीय

3. श्रीमती हिमांशु जैन मीत इंदौरश– प्रथम

बाल संस्करण प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा डॉ. मीना श्रीवास्तव जी द्वारा की गई–

1. विहान जैन उम्र 7 वर्ष, गुवाहाटी असम से – प्रथम
2. टिया चोपड़ा उम्र 8 वर्ष, गुवाहाटी असम से– द्वितिय
3 . राशि विपुल जैन उम्र 13 वर्ष वलसड गुजरात से,तृतीय

अंत में कनक लता जैन जी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर मंगलकामनाएँ प्रेषित की। उन्होंने अपने वक्तव्य में बतया की

विजेताओ के अलावा सभी सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र से समान्नित कर प्रोत्साहित किया जायेगा। देश हित में जागरूकता हेतु ऐसी प्रतियोगिताएँ भविष्य में भी रखी जायेगी।।

यह जानकारी मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र पयासी जी द्वारा साझा की गई।

# परिजनों का गांव के ही कुछ लोगों पर रंजिश में हत्या करने का आरोप

ख्4रू25 चउ, 13 02 2023, 91 99844 09658रू चोरों की आहट पर गांव में हुई फायरिंग, गोली लगने से एक की मौत शाहाबाद हरदोई आधी रात के बाद गांव में चोरों की आने की खबर से हड़कंप मच गया ।आनन–फानन लोग अपनी छतों पर चढ़ गए तथा शोर–शराबा करने लगे। इसी बीच लोगों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। फायरिंग से एक व्यक्ति की गोली लग गई जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।.

जानकारी के अनुसार थाना शाहाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम एगवां में रविवार आधी रात के बाद कुछ ग्रामीणों को चोरों की आहट लगी। इस पर वह शोर–शराबा करने लगे देखते ही देखते पूरे गांव के लोग घरों की छतों पर पहुंच गए । कुछ लोग घरों के बाहर पहुंचकर शोर–शराबा करने लगे । इस बीच कुछ ग्रामीणों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। फायरिंग से गांव के ही शब्बीर के कंधे पर गोली लग गई । जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी गई। खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सहित भारी बल मौके पर पहुंच गया।

मृतक का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि चोरों की आहट पर ग्रामीणों ने फायरिंग की इसी में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि मृतक के परिजनों का गांव के ही कुछ लोगों पर रंजिश में हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की छानबीन शुरू कर दी गई है जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा ।ख्4 26 चउ, 13 02 2023, 91 99844 09658

18 दिवसीय ''निर्भीक कदम'' 350 किमी झाँसी से लखनऊ तक की पदयात्रा का शानदार आगाज झलकारी और लक्ष्मी बाई की विरासत बढ़ाएंगे वीरांगना वाहिनी बनाएँगे उषा विश्वकर्मा झाँसी लखनऊ ( सोमवार 13 फरवरी 2023) उत्तर प्रदेश के कई जिलो से आई सैकड़ों महिलाओं व लड़कियों ने रेड ब्रिगेड (लखनऊ की संस्था ) और एकता महिला मंच के आवाह्न पर पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू की जयंती राष्ट्रीय महिला दिवस (13 फरवरी) को झलकारी बाई के जन्म स्थान भोजला गांव झांसी से ''निर्भीक कदम'' 350 किलोमीटर की पदयात्रा का शानदार आगाज किया। पदयात्रा पाँच जिलों के दो सौ से अधिक गाँव से होकर जाएगी। झलकारी बाई के तीसरे पीढ़ी के परिवार के वरिष्ठ सदस्य मंगल सिंह ने पदयात्रा की अगुवाई कर रही उषा विश्वकर्मा को तिरंगा झंडा देकर रवाना किया पद यात्रा 2 मार्च को सरोजिनी नाएडू की निर्वाण स्थली, लखनऊ तक जाएगी।

पद यात्रा में झाँसी में सैकड़ो महिलाओ ने भाग ले कर उत्साह के साथ झलकारी बाई , लक्ष्मी बाई, सरोजिनी नायडू को याद करते हुए नया भारत बनाने का संकल्प लिया। यात्रा में करीब 35 लड़कियां महिलाएं पूरी यात्रा में चल रही है और सैकड़ो संस्था कुछ हिस्सों के लिए शामिल होंगीद्य इसके पहले गाँव में सभा का आयोजन हुआ झलकारी बाई, सरोजिनी नायडू और महारानी लक्ष्मीबाई को नमन् कर वक्ताओं ने कहा कि यात्रा संदेश दे रही है कि अंग्रेजी राज्य ध् अंग्रेजी व्यवस्थाओ ने दुनिया के सामने समृद्ध देश को इतना बरबाद कर दिया कि आजादी के पचहतर साल बाद भी वह पूरी तरह अपना स्वाभिमान ,अपना स्थान, अपनी समृद्धि नहीं पा सका है द्य भयानक गरीबी है, बेरोजगारी हैं, इन्साफ नहीं है, इज्जत नहीं है, डर है, बैचेनी है द्य सभी भुगत रहे हैं द्य औरतें ज्यादा भुगत रही है क्यूंकि उन्हें परिवार को भी बचाने की ज्यादा फिक्र होती है द्य घर में आखिरी रोटी औरत की होती है दृ यह भारत का संस्कार है दृ ताकत है द्य पदयात्रा संदेश दे रही है कि देश में इतनी सारी समस्याएं बनी हुई है और बढ़ रही है दृ तो यह नेतृत्व का संकट है द्य नए विचारो, नए आदमी औरतों लड़कियों लड़कों व जनता को आगे आना होगा ताकि इन समस्याओं का समाधान हो द्य पदयात्रियो का मानना है कि हर एक लड़की और लड़के को 18 वर्ष कि उम्र पर ही पक्की (सरकारी) नौकरी का अधिकार मिलना चाहिए, ताकि उनको कभी गरीबी का शिकार ना बनना पड़े, वे राष्ट्र की उन्नति में 18 वर्ष की आयु से ही योगदान दे सके द्य यात्रा यह भी संदेश दे रही है कि सभी लड़कियों कि पूरी पढाई का पूरा खर्चा सरकार को देना चाहिए और सभी लड़कियों को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण देना चाहिए द्य उषा विश्वकर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यात्रा पूर्ण होने के बाद वीरांगना वाहिनी के स्थापना के लिए लखनऊ दृ कानपुर दृ झाँसी में सम्मेलन व शिविर किये जाएँगे द्य वीरांगना वाहिनी अन्याय के खिलाफ लड़कियों को संगठित करेगी और नया भारत बनाने की दिशा में काम करेगी द्य गांव में कोई भूखा ना सोये इस के लिए भी कार्यक्रम लेगी और नया भारत बनाने के संदेश को आगे बढ़ा रहे है लड़कियों, औरतों से अपील किया कि वे आगे आएं। देश को नए नेतृत्व, नए विचारों नए तरीको की जरुरत है।

# बालिका शिक्षा– महिला सशक्तिकरण की ओर पहला कदम




बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होता है।हम बिना बालिका शिक्षा के एक सभ्य व विकसित समाज की परिकल्पना नहीं कर सकते।उक्त बातें डॉ लक्ष्मी शुक्ला (एसआरजी) बरेली ने काव्य के पथिक मंच वाराणसी की तरफ से आयोजित काव्य–गोष्ठी के समापन अवसर पर कही।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ लक्ष्मी ने नारियों पर हो रहे अत्याचार पर सभी को एक स्वर में विरोध किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। विदित हो कि राष्ट्रीय महिला दिवस १३ फरवरी की पूर्व संध्या पर मंच की ओर से नारी–सशक्तिकरण पर एक ऑनलाइन काव्य–गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में शामिल रचनाकारों ने अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुतियों से मंच को ओत प्रोत कर दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती छवि अग्रवाल ने समाज में लैंगिक विषमता को दूर करने के लिए लोगों से और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।मंच का संचालन, मंच के सस्थापक श्रीआलोक यादव ने किया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों काआभार अनिल राजभर तथा धन्यवाद ज्ञापन अरविंद सिंह ने किया। डॉ कुमार श्रवण गुप्त,रविंद्र पाल रसिकश,अरविंद द्विवेदी रामदेव शर्मा तथा राजबहादुर यादव ने मंच पर अपनी श्रेष्ठ रचनाएं प्रस्तुत की।

# प्रतिवेदन प्रथम काव्य गोष्ठी पथगामिनी साहित्य समूह




प्रयागराज आज 12 2 23 दिन रविवार को मंच की सक्रिय सदस्या श्रीमती बीनू सिंह के आवास पर अहिंसा खंड इन्दिरापुरम गाजियाबाद में पथगामिनी मंच के तत्वाधान में प्रथम काव्य गोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें गाजियाबाद और मेरठ के विद्वत साहित्यकारों ने भाग लिया। गीतकार और गजलकार डा. तारा गुप्ता निदेशक गंधर्व संगीत महाविद्यालय गाजियाबाद, सेवानिवृत उपनिदेशक शिक्षा विभाग दिल्ली नगर निगम की अध्यक्षता और आशीर्वचन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि वंदना कुँअर रायजादा पुत्री डॉ कुँअर बेचौन द्वारा शहीदों पर पढ़ी गई रचना शबिन तुम्हारे अधूरा है संसार येश ने सबके आँख को नम कर दिया। मेरठ से पधारे विशिष्ट अतिथि रेखा बाधवा और कलमपुत्र के संपादक चरणसिंह स्वामी ने अपनी रचना से गंभीर माहौल को हल्का किया। मैगजीन एडीटर,लेखक, स्क्रिप्ट लेखक फोटोग्राफर और पेंटर गाजियाबाद के सारस्वत अतिथि दीपक श्रीवास्तव नील पदम् ने मजदूर की बेहाल दशा और श्रम का चित्रण अपनी कविता के माध्यम से बखूबी किया। वहीं साहिबाबाद से पधारे अरुण शर्मा साहिबाबादी ने माँ पर अपनी रचना को खूबसूरत स्वरों में बांधा। कार्यकारिणी सदस्या रेनू रॉय ने बेटियों की मनःस्थिति पर तो गीतांजलि जादौन ने समसामयिक रचना का पाठ किया। सुधा बसोर सौम्या ने फागुन पर मौलिक रचना से माहौल को खुशनुमा बनाया। वहीं पर संध्या सेठ ने कलम की शक्ति का बखान किया। मेरठ से पधारी सुप्रिया सिंह वीणा ने अपने गजल से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बीनू सिंह के मधुर स्वर में सरस्वती वंदना से हुआ।अतिथि गण का स्वागत माल्यार्पण और तुलसी का गमला प्रदान करके मंच की संस्थापिका ने किया। संस्थापिका मंजुला श्रीवास्तवा ने पथगामिनी के निर्माण और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अंत में

सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भोजन के लिए निवेदन किया। संस्थापिका एवं संचालिका पथगामिनी अध्यक्षा (juster मंजुला श्रीवास्तवा 12 2 23।

# 1 ईंट 1 रुपए के पीडब्ल्यूएस शिक्षालय का स्पेशल 111 अभियान

111 के कूपन के साथ 111 दिनों में 111 स्थानों से 111 टीम के 111 सदस्यों का चयन। 111 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम। दिव्या पाण्डेय, अयोध्या। 1 ईंट 1 रुपए के जन सहयोग से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या परिक्षेत्र के गोरसरा शुक्ल में शिक्षालय निर्माण करा रहे संगठन पीडब्ल्यूएस परिवार ने आज से स्पेशल 111 अभियान चलाया है जिसमें रुपए 111 के स्पेशल कूपन के माध्यम से 111 दिनों में 111 स्थानों से 111 टीम के 111 सदस्यों का चयन किया जाएगा। इस स्पेशल पीडब्ल्यूएस शिक्षालय के निर्माण व संचालन हेतु स्पेशल 111 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम का गठन किया जाएगा।

उपरोक्त की जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूएस प्रमुख आर के पाण्डेय एडवोकेट (हाई कोर्ट इलाहाबाद) ने बताया कि शिक्षालय निर्माण के तृतीय चरण में कार्य को गति प्रदान करने के साथ अब इस स्पेशल 111 अभियान के अंतर्गत भारत वर्ष के सभी राज्यों से चुने गए 111 विशिष्ट राष्ट्रभक्त समाजसेवी हिन्दुस्तानी नागरिकों की राष्ट्रीय टीम पीडब्ल्यूएस शिक्षालय के निर्माण व संचालन का दायित्व संभालेगी। उन्होंने बताया कि आगामी 111 दिनों में 111 स्थानों से 111 टीम के 111 सदस्यो का चयन करने के क्रम में स्पेशल 111 रुपए का कूपन भी जारी किया गया है।

बता दें कि 1 ईंट 1 रुपए के जन सहयोग से निर्माणाधीन पीडब्ल्यूएस शिक्षालय का मुख्य उद्देश्य 1 राष्ट्र 1 शिक्षा के रास्ते पर चलते हुए आम जनमानस के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ समाज के सभी निर्धन बेसहारा बच्चों को पूर्णतया निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।


## विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# कवि अशोक कुमार यादव को मिला श्रेष्ठ शब्द शिल्पी सम्मान

साहित्य संगम संस्थान कर्नाटक इकाई के द्वारा दिनांक 8–9 फरवरी 2023 तक लता मंगेशकर पुण्यतिथि विषय पर कविताएं आमंत्रित किया गया। इस इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह मंत्र, अध्यक्ष जगदीश गोकलानी, सचिव एवं विषय प्रवर्तक भवानी प्रसाद दुबे और विषय प्रदाता प्रमोद पांडेय हैं। इस प्रतियोगिता में मुंगेली, छत्तीसगढ़ के कवि, साहित्यकार एवं राष्ट्रीय कवि संगम इकाई के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव को उत्कृष्ट काव्य सृजन करने हेतु श्रेष्ठ शब्द शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र मिलने पर संगीता यादव, गुड़िया गौतम, सुलोचना पांडेय, भारती यादव, मुस्कान केसरी, रवि यादव, संतोष कुमार यादव, बलवीर सिंह, धनसिंह साहू, दशरथलाल कल्याण, रामनवल साहू, मोहन उपाध्याय, और रोहित सोनवानी सहित अन्य दोस्तों, परिजनों और कवियों ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।






## सम्पादकीय

# लक्ष्मी जी मेरे घर आई

बद्री प्रसाद वर्मा अनजान एक शहर में शिव और गोपाल दो भाई रहते थे। दोनों अलग अलग रहते थे।

बड़ा भाई बहुत अमीर था और छोटा भाई गरीब था।

छोटा भाई हमेशा अपने बड़े भाई का कदर करता था, मगर बड़ा भाई अपने छोटे भाई की कोई कदर नहीं करता था। बल्की वह अपने छोटे भाई की गरीबी का हमेशा हंसी उड़ाया करता था। फिर भी छोटा भाई कुछ नहीं कहता था ।

बड़े भाई को हमेशा दौलत का घमंड सर पर चढ़ा रहता था। वह न किसी का कोई मदत करता था न किसी को दान भी देता था।

एक रोज लक्ष्मी जी एक भिखारी का रुप धर कर शिव के घर गई और बोली मैं कई दिनों की भूखी हूं क्या हमें खाने को कुछ मिल सकता है।

घर आए भिखारीन को देख कर शिव बोला मेरा घर कोई लंगर का केन्द्र नहीं है कि मैं इस तरह जो भी आए उसको भोजन कराता चलूं जाओ तुम कहीं और भोजन मांग कर खा लेना मेरे घर से तुमको कुछ नहीं मिलने वाला है। शिव की बात सुनकर भिखारीन बोली बेटा तुमको मैंन ही इतना अमीर बनाया औआज हमको ही अपने घर से भगा रहे हो आज मैं तुम्हारे घर से जा रही हूं आज के बाद तुम्हारे घर फिर कभी नहीं आऊंगी।

इतना कह कर भिखारीन उसके दूसरे भाई के घर की ओर चल दी।

छोटे भाई गोपाल के घर पहुंच कर भिखारीन न आवाज लगाई कोई है घर में मैं बहुत भूखी हूं कोई हमें भर पेट करा सकता है।

भिखारीन की आवाज सुनकर गोपाल की पत्नी बाहर आई और दरवाजे पर खड़े भिखारीन को देख कर बोली माता जी आइए घर में चले आइए घर में हमने रोटी और साग की सब्जी बनाई हूं। आप भर पेट खाना खा कर जाइएगा।

गोपाल की पत्नी ने भिखारीन को चटाई विछा कर बैठाया और एक थाली में रोटी और साग और पानी दे कर बोली माता जी आप भोजन कर लीजिए।

भिखारीन ने भर पेट भोजन किया और गोपाल की औरत को आशीर्वाद दिया की आज से तुम्हारे घर में लक्ष्मी की बरसात हो तुम्हारी सारी गरीबी दूर हो जाए तुम्हारे घर मे ढेर सारी खुशहाली आए ।

भिखारीन रुपी लक्ष्मी मां गोपाल की पत्नी को आशीर्वाद दे कर वहां आगे चली पड़ी और कुछ दूर जाने के बाद लक्ष्मी जी अन्तरध्यान हो गई।

अगले दिन से गोपाल के व्यापार में खूब तरकी होने लगी।

गोपाल माटी छूता तो सोना हो जाता था। कुछ सालों के बाद गोपाल अपने शहर का सबसे अमीर व्यक्ति बन गया। और उसका भाई शिव दिन प्रति दिन गरीब होता गया। वह पहले की तरह गरीब बन गया।

एक रोज बड़े भाई शिव की पत्नी गोपाल की पत्नी के पास आई और बोली दीदी तुम्हारे घर में खाना बन गया हो तो थोड़ा सा खाना मेरे बच्चों को देदो वो दो दिन से भूखे हैं ।

शिव की पत्नी की बात सुनकर गोपाल की पत्नी ने शिव की पत्नी को खाना के साथ कुछ रुपये दिए और बोली तुम इन रुपयों से खाने पीने की चीजे खरीद लेना और बच्चों को भूखा मत सोने देना ।

गोपाल की पत्नी का प्रेम देख कर शिव की पत्नी बहुत खुश हुई। और अपनी भूल की प्रायश्चित करने लगी ।कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि हमें जीवन में कभी भी धन का घमंड नही करना चाहिए। बद्री प्रसाद वर्मा अनजान अध्यक्ष स्वर्गीय मीनु रेडियो श्रोता क्लब गल्ला मंडी गोला बाजार 273408गोरखपुर उ प्र मोबाइल न ९८३८९११८३६।

# कहानी

हिम्मत मीनू.. ओ.. मीनू.. हाँ. आती हूँ माँजी.. माँ जी की आवाज सुनकर रसोई घर में खाना तैयार करती हुई मीनू भागकर सासु मां के कमरे में पहुंची।

अरे बेटा जरा मेरी वो ऊपर रखी दवा की शीशी उठा दे और दो घूँट पानी भी पिला दे। माँजी ने मीनू से मीठे लफ्जों में कहा।

मीनू ने माँ जी को दवाई खिलाई ।उनके पास लेटे हुए अपने दो साल के बेटे चीनू को दूध की बोतल थमाई और वापस रसोईघर में आकर काम में लग गयी। सुबह सवेरे मीनू को दम मारने की फुरसत नहीं मिलती। सोच विचार में गुम मीनू के हाथ बहुत तेजी से चल रहे थे। क्योंकि दस बजे तक मीनू को अपनी नौकरी की ड्यूटी बजाने के लिए कार्यालय के लिए भी निकलना है। मीनू ने अपना खाना पैक किया। चीनू का दूध गर्म करके थर्मस में डाला और माँ जी के पास मेज पर रख दिया। तेजी से काम करती मीनू का मन मस्तिष्क छः महीने पहले की मधुर यादों में पंख लगा कर उड़ने लगा.

काश! कि वो बीता वक्त फिर से लौट आए।ष्काश! कि मेरे हाथ में होता कि मैं उन मधुर पलों को जिंदगी के टेढ़े मेढे सफर में सुकुन के लिए कैद करके रख सकती।ष

एक एक करके मीनू की स्मृति झरोखे खुलने लगे...

अभी छ महीने पहले तक मयंक के साथ परिवार में दिन रात खुशियों के फूल खिले रहते थे। बहुत सुख चौन सुकुन से जिंदगी के दिन गुजरते जा रहे थे। दिन सोने के रातें चाँदी की तरह मौज से कट रहे थे...

मीनू की सासु माँ, मयंक,मीनू और दो साल का नन्हा चीनू इन चार प्राणियों का हमारा छोटा सा परिवार सुखी परिवार था

मीनू ! मेरे नहाने के लिए गर्म पानी रख दिया है ना! बाथरूम में से मीनू के पति मयंक ने आवाज लगाई...

हाँ बाबा,! पानी भी रख दिया है और आपके कपड़े भी निकाल दिए हैं। नहा कर जल्दी से तैयार होकर बाहर आइये।

आपका नाश्ता और लंच बॉक्स तैयार हो गया है। मीनू ने रसोई में से काम करते हुए मंयक को तेज आवाज में जबाब दिया।

मेज पर मयंक का नाश्ता लगाकर मीनू कमरे में मयंक को बुलाने के लिए पहुँची तो मयंक ने चुपचाप पीछे से आकर उसे बाहों में भर लिया और प्यार से उसका माथा चूमते हुए कहा कि––

मीनू!, मुझे तुम जैसी सरल हृदया, गुणी और समझदार पत्नी मिली है। सचमुच मैं किस्मत का बहुत धनी हूँ।द इतने अच्छे से तुमने मेरे घर को सम्हाल लिया है कि–– माँ भी तुम्हारी तारीफों के पुल बांधती रहती है।

तुम..तो.. वाकई.. मेरी.. ड्रीमगर्ल.. हो।

मयंक की शहद पगी मीठी बातें सुनकर मीनू के कपोल सुर्ख हो उठे। उसने मृदुल भाव से अपना सिर मयंक के कंधे पर टिका दिया। प्रेम भाव के पावन उद्दात पलों में उन दोनों के लिए वक्त जैसे कुछ समय के लिए थम गया था।

स्वयं को संयत करते हुए मीनू ने मयंक के घेरे से खुद को आजाद किया।

मस्ती के मूड में आकर मीनू ने मंयक की नाक पकड़ कर खींची और बोली कि ––

अच्छा! हेमा मालिनी के ध ार्मेंद्र साहब जी जरा मीठे–मीठे ख्वाबों ख्यालों से बाहर तो आइये। नाश्ता मेज पर आपका इंतजार कर रहा है। आपको ड्यूटी पर जाने के लिए देर हो रही है।ष ऐसा कहते हुए मीनू ने सिर के सामने हाथ उठाकर उसे एक जोरदार सलाम ठोंका।

मीनू की इस हरकत से वे दोनों एक साथ ठहाका मारकर हँस पड़े थे।

मंयक और मीनू आपसी मध ुर प्रेम भरी नोंक–झोंक में एक दूसरे को धर्मेंद्र और हेमा मालिनी कहकर बुलाते थे।

चलिए, जल्दी से आकर नाश्ता कर लीजिए।ष कहती हुई मीनू रसोईघर की तरफ चल पड़ी।

कमरे में निकलती भीनी–भीनी लैवेंडर की खुशबु से मीनू का तन मन महक रहा था। मयंक के प्रेम भरे दो पल से मीनू का पूरा दिन घर की साफ–सफाई और कामकाज में कैसे निकल जाता था पता नहीं चलता था।

जिंदगी की गाड़ी बड़े मजे से पटरी पर दौड़ रही थी। शनैरू शनैरू वक्त गुजरता चला गया था।

एक दिन संध्या काल का समय था।द मयंक कार्यालय से लौट रहा था कि सामने से तेज गति से आने वाला ट्रक मयंक को चार पाँच मीटर तक घसीटता चला गया।

ट्रक ड्राइवर मदिरापान करके ट्रक चला रहा था। मयंक की उस सड़क दुघर्टना में मौत हो गई।ट्रक ड्राइवर की गलती की कीमत मीनू के परिवार को चुकानी पड़ी। मयंक का असमय इस दुनिया से चले जाना खुशहाल परिवार की खुशियों पर गाज बनकर गिरा। अभी अभी तो जीवन के लंबे सफर में हँसी खुशी की नन्हीं बौछारें आनी प्रारंभ हुई थी। उस समय मीनू को लगा जैसे कि जैसे सावन में सूखा पड़ गया हो। हाथों की मेहंदी का लाल रंग छूटकर सफेदी में बदल गया।

तीस बरस की भरी जवानी में मीनू को विधवा का लिबास पहनना पड़ा।

मीनू ने दिल पर पत्थर रख लिया। अपने पति मयंक की एकमात्र निशानी चीनू को अपना सम्बल मानकर उसके सुखद भविष्य को बनाने में जुट गई। माँ दुर्गा पर अटूट आस्था रखने वाली मीनू हिम्मत के साथ नन्हे चीनू को छाती से चिपकाए नौकरी की तलाश में लग गई।

मयंक के कार्यालय में ही उसे एकाउंटेंट का काम मिल गया था।

मीनू पूरी शिद्दत और हिम्मत से घर और कार्यालय दोनों जगह दिल लगाकर काम करने लगी।

जीवन के जिन हसीं पलों में उसे खाना, खेलना चाहिए था।उन पलों को उसने अपने बच्चे के सुख की खातिर कुर्बान कर दिया। मीनू ने मयंक की याद में उसकी माँ और अपने बेटे चीनू की देखभाल करते हुए पूरा जीवन अकेले दम पर संघर्ष करते हुए बिताने का संकल्प कर लिया।

सासु माँ जी के समझाने के बाबजूद भी उसने चीनू के हितार्थ दूसरा विवाह नहीं किया था।

अतः परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर घर के छोटे मोटे कामकाज एवं चीनू की देखभाल उसकी सासु माँ जी कर लिया करती थी।

हिम्मत और साहस की प्रतिमूर्ति मीनू अपने आत्मविश्वास के बल पर कार्यालय में उन्नति करती चली गई। उसने बालपन में चीनू की पढ़ाई बढ़िया बोर्डिंग स्कूल में कराई थी। अब बेटा बड़ा हो कर एम बी बी एस की पढ़ाई उनके साथ रहकर कर रहा था। मीनू अपने साहस और आत्मविश्वास के बलबूते जिन्दगी में तरक्की हासिल करने लगी। उसी परिश्रम और लगन का परिणाम था कि आज मीनू की कार्यालय में मैनेजर पद पर प्रोन्नति हो गई थी।

इस खुशखबरी को सबसे पहले वो अपनी सासु माँ और चीनू के साथ बाँटना चाहती थी। अतः सासु माँ जी की साड़ी, भगवान के भोग के लिए मिठाई का डिब्बा और चीनू की मनपसंद आइसक्रीम लेकर मीनू की स्कूटी घर की ओर दौड़ने लगी।

सीमा गर्ग मंजरी, मौलिक सृजन,मेरठ कैंट उत्तर प्रदेश।



# जरूरी है बैटरी चार्ज रखना



मोबाईल फोन को हम इतना देख समझ रहे है इससे कोई आज के समय में अछूता भी नहीं है । सारी दुनिया को हम देख , समझ ,बात आदि इससे कर सकते है । इसके पिछे सही से चलने का जरूरी है उपकरण वो है बैटरी चार्ज रखना । क्या इसी तरह हमारी जिन्दगी में भी हर दृष्टिकोण से यह आवश्यक नहीं है बैटरी की तरह चार्ज करना स्वयं को ।एक घटना प्रसंग एक सम्पन्न व्यवसायी कार में मुम्बई से गोवा जा रहे थे । रास्ते में यूँ ही शौकिया मोबाईल एप में ओशो का व्याख्यान सुन रहे थे । तभी अचानक एक छोटे से गतिअवरोधक के झटके ने तन्द्रा से उनको जगा दिया। उस समय यह एक वाक्य कान में टकराया की जो भी करना है करो अभी। अभी नहीं तो कभी पता नहीं । अवसर मिलेगा सही से कि नहीं फिर कभी जीवन में । यह बात दिमाग में चोट कर गई। तत्क्षण भीतर में अंतर्मन में घर कर गई। वह घड़ी नवजागरण की धड़ी बन गई। तुरन्त ड्राइवर को बोले कार की दिशा बदली और सीधे आ गये पुणे। बिना कुछ सोचे बिना कुछ गुणे आदि । और ओशो ध्यान केन्द्र में सीधे प्रवेश ले लिया। पता नहीं क्यों उनको प्रवेश लेते ही मन में एक अजीब सा सन्तोष हुआ। यह उनके लिए आध यात्मिकता की तरफ अकस्मात ही टर्निंग प्वाइंट था। यह सब सम्भव हुआ मोबाईल फोन से । तभी तो कहा है की इससे ( स्वयं से ) कितनी भी आप बात कर ले आपकी बैटरी कभी डिस्चार्ज नही होगी बल्कि जितनी बात करेंगे उतनी ही फुल चार्ज होगी ।इस से बात करने के लिए यह सब जगह संसार भर में रोमिग फ्री है । यह नया स्मार्ट फोन हैं (Meditation) इसलिए थोडा सा ध्यान का स्पर्श तो करके देखिये और साथ में बैटरी चार्ज से अपना मन जोड़ेंगे तो हम पायेंगे की हम भी आत्म सूखो की और गतिमान है। प्रदीप छाजेड़ ( बोरावड़ )।

# वेलेन्टाइन डे पर विशेष



लघुकथा

तेरी–मेरी कहानी

ष्हैप्पी वेलेन्टाइन डे, माय डियर,एंड आय लव यू।ष कहते हुए सुनील ने एक रेडरोज अपनी पत्नी रत्ना के हाथ में दे दिया। ष्आय लव यू टू, माय लाइफ।ष कहते हुए रत्ना ने अपनी खुशी व्यक्त की।

इस पर दोनों ठीक चार दशक पहले की कॉलेज की यादों में खो गए।

ष्सुनील जी! क्या आपके पास यूरोपियन हिस्ट्री की बुक है?ष

ष्हां!जी है।ष

ष्मुझे कुछ दिन को देंगे,क्या?ष

ष्जी जरूर।ष

और सुनील ने यूरोपियन हिस्ट्री की किताब एमए प्रीवियस की उसकी क्लास में आई नवप्रवेशित सुंदर,आकर्षक और शालीन लड़की रत्ना को दे दी।

फिर रत्ना ने नोट्स बनाने में सुनील की मदद की।सहपाठी तो वे थे ही,आपस में दोनों का मेलजोल बढ़ता गया।

कक्षा में दोनों ही सबसे होशियार थे,इसलिए दोनों के बीच स्पर्धा भी थी,पर पूरी तरह स्वस्थ। धीरे–धीरे दोनों एक–दूसरे के दिल में समाते गए। रिजल्ट आया तो दोनों के ही नाम यूनीवर्सिटी की मेरिट लिस्ट में थे।

और आज दोनों एक–दूसरे के जीवन की मेरिट लिस्ट में भी हैं।

अचानक उनकी तंद्रा टूटी,वे वर्तमान में वापस लौट आये,और एक–दूसरे की ओर देखकर मुस्कराने लगे ।सुनील ने कहा,ष्तुम्हारी–मेरी कहानी भी खघूब है,डियर। ष्हां! है तो माय हार्ट।ष्रत्ना ने शरारती अंदाज में कहा।

# लघुकथा वैलेंटाइन डे

यार, सौरभ! मैंने तो पचास लाल गुलाब खरीद लिए हैं। आज कॉलेज की सभी खूबसूरत लड़कियों को प्रपोज करूँगा। कोई ना कोई तो पटेगी।

अरे, वाह! फिर तो तेरी बहन को भी बहुत सारे गुलाब मिलेंगे। वह भी तो बहुत खूबसूरत है।

ओए,जबान संभाल के! मेरी बहन की तरफ किसी ने आँख भी उठाई तो उसकी आँखें निकाल लूँगा।

वाह, बेटा! तेरी बहन की तरफ कोई आँख भी नहीं उठा सकता और तू जो यह गुलाब देकर जिन लड़कियों को प्रपोज करेगा, वह भी तो किसी की बहने हैं। वाह! भाई, मान गए तेरी सोच को। तेरी बहन, बहन और औरों की बहन, माल। बहुत माडर्न सोच है तेरी। भाई,माफ कर दे।गलती हो गई। मैं अपनी सोच पर शर्मिंदा हूँ । तू चल मेरे साथ। कहाँ? लड़कियों को गुलाब देने?

नहीं भाई!और शर्मिंदा मत कर। तू मेरे साथ मंदिर चल, मैं यह सारे गुलाब माता रानी के चरणों में अर्पित कर दूँगा।

अरे, वाह! यह हुई ना मेरे दोस्त वाली बात।

# एंटरप्रेन्योरशिप, स्टार्ट अप और कौशल विकास का पाठ पढ़ाएंगे कुलपति श्री राज नेहरू



रोजगार सृजन केंद्र की राष्ट्रीय कार्यशाला में देश भर की बड़ी हस्तियों को करेंगे संबोधित।
देश में स्वरोजगार का ब्लू प्रिंट तैयार करने की दिशा में कारगर साबित होगा यह मंथन। पलवल रू श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति श्री राज नेहरू रोजगार सृजन केंद्र में एंटरप्रेन्योरशिप, स्टार्ट अप और कौशल विकास का पाठ पढ़ाएंगे। दिल्ली में होने वाली इस राष्ट्रीय कार्यशाला में देश भर से कई बड़ी हस्तियां हिस्सा लेंगी। 18 फरवरी को श्री राज नेहरू उन्हें उपरोक्त विषयों पर विशिष्ट व्यवहारिकता से अवगत करवाएंगे।
